दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 19 अप्रैल 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 301

# चंद्रयान-3 के बाद नई खुशखबरी, इसरो इस तारीख को कर सकता है गगनयान मिशन का परीक्षण

**नई दिल्ली | आरएनएस**

इसरो यानी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन अगले सप्ताह अपने गगनयान मिशन के तहत एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ेगा। अंतरिक्ष एजेंसी ने घोषणा की कि 2024 भारत के प्रतिष्ठित पहले मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन गगनयान का वर्ष होगा। एजेंसी ने कहा कि वह अगले सप्ताह द्वितीय मानव रहित मिशन, एक परीक्षण वाहन उड़ान मिशन और एक एयरड्रॉप का परीक्षण करेगी। जानकारी के मुताबिक, इसरो चेयरमैन ने बुधवार को अहमदाबाद में एस्ट्रोनॉटिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया (रस्द्ब्ढ) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के मौके पर कहा, 'एयरड्रॉप परीक्षण 24 अप्रैल को होगा।' इस परीक्षण के बाद दो और मानव रहित मिशन होंगे, जो अगले वर्ष होंगे। उन्होंने कहा, 'अगर सब कुछ ठीक रहा, तो अगले साल के अंत तक मानवयुक्त मिशन को अंजाम दिया जाएगा।' तृतीय चंद्र मिशन चंद्रयान-3 की सफलता से उत्साहित (जब भारत चंद्रमा के अब तक अज्ञात दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र पर उतरने वाला पहला देश बन गया और पहला सूर्य मिशन आदित्य-एल1 जो लैग्रेंज प्वाइंट (एल1) की हेलो कक्षा में पहुंचा। सबसे गर्म ग्रह के बाहरी वातावरण का व्यापक अध्ययन करने के लिए) इसरो गगनयान मिशन की द्वितीय परीक्षण उड़ान के लिए पूरी तरह तैयार है। इसरो ने कहा कि उसके सौर वेधशाला अंतरिक्ष यान, आदित्य-एल1 का हेलो-ऑर्बिट इंसर्शन (एचओआई) 06 जनवरी, 2024 को पूरा किया गया था। आदित्य-एल1 अंतरिक्ष यान की कक्षा एक आवधिक हेलो कक्षा है, जो पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर (लगभग 177.86 पृथ्वी दिवस की परिक्रमा अवधि के साथ निरंतर गतिशील सूर्य-पृथ्वी रेखा) दूर स्थित है।




यह हेलो कक्षा एल-1 पर एक आवधिक, त्रि-आयामी कक्षा है जिसमें सूर्य, पृथ्वी और एक अंतरिक्ष यान शामिल है। इस विशिष्ट प्रभामंडल कक्षा को पांच वर्षों के मिशन जीवनकाल को सुनिश्चित करने, स्टेशन-कीपिंग युद्धाभ्यास को कम करने और इस प्रकार ईंधन की खपत को कम करने और सूर्य के निरंतर, अबाधित दृश्य को सुनिश्चित करने के लिए चुना गया है। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर, 2023 में, इसरो ने नए विकसित परीक्षण वाहन के साथ मैक संख्या 1.2 पर क्रू एस्केप सिस्टम (सीईएस) का इन-फ्लाइट एबॉर्ट प्रदर्शन सफलतापूर्वक आयोजित किया, जिसके बाद क्रू मॉड्यूल पृथक्करण और सुरक्षित पुनर्प्राप्ति हुई थी।

## डीआरडीओ ने क्रूज मिसाइल का किया सफल परीक्षण

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन ने गुरुवार को ओडिशा के तट पर इंटीग्रेटेड टेस्टिंग रेंज, चांदीपुर से स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्रूज़ मिसाइल की सफल उड़ान का टेस्ट किया है। टेस्ट के मुताबिक मिसाइल के सभी सबसिस्टम ने उम्मीद के मुताबिक काम किया है। डीआरडीओ के मुताबिक मिसाइल के प्रदर्शन की निगरानी आईटीआर द्वारा विभिन्न स्थानों पर तैनात रडार,इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम (ईओटीएस) और टेलीमेट्री जैसे कई रेंज सेंसर द्वारा की गई थी। डीआरडीओ के मुताबिक कवरेज सुनिश्चित करने के लिए इन तकनीक को उड़ान पथ पर तैनात किया था।



डीआरडीओ ने बताया कि इस मिसाइल की उड़ान को वायुसेना के सुखोई एसयू-30-एमके-1 फाइटर जेट से भी ट्रैक किया गया। मिसाइल ने टेस्ट के सभी मानकों को पूरा किया। परीक्षण के दौरान निर्भय मिसाइल ने 864 किमी. से लेकर 1111 किलो मीटर प्रति घंटे की रफ्तार हासिल की। इस मिसाइल में टेरेन हगिंग कैपेबिलिटी भी है। टेरेन हगिंग कैपेबिलिटी उस स्थिति को कहते हैं जिसमें उसपर निशाना लगाकर इसे निष्क्रिय करना बेहद कठिन हो जाता है। इस टेक्नोलाजी के कारण दुश्मन देशों के लिए भारत की ये मिसाइल परेशानी खड़ी करने वाली है। इस मिसाइल की एक खास बात यह है कि इसे समुद्र और जमीन दोनों जगहों से मिसाइल लॉन्चर्स के जरिए दागा जा सकता है।

मिसाइल जमीन से कम से कम 50 मीटर ऊपर और ज्यादा से ज्यादा 4 किलो मीटर ऊपर उडक़र टारगेट को नष्ट कर सकती है। आईटीसी मिसाइल 6 मीटर लंबी और 0.52 मीटर चौड़ी है। इसके पंखों की कुल लंबाई 2.7 मीटर है। ये मिसाइल 300 किलोग्राम तक के हथियारों कैरी कर सकती है। 1500 किलो मीटर के दायरे तक निर्भय मिसाइल किसी भी टारगेट को ध्वस्त करने में सक्षम है।

# महत्वपूर्ण एवं खास

## लखनऊ में रामनवमी समारोह में 'तेज म्यूजिक' को लेकर छात्रों के दो गुटों में झड़प

**लखनऊ (आरएनएस)।** लखनऊ के बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में बुधवार को रामनवमी समारोह के दौरान 'तेज म्यूजिक' को लेकर दो छात्र समूह आपस में भिड़ गए। झड़प के बाद छात्रों ने रात में कुलपति संजय कुमार के आवास का घेराव किया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कहा कि रामनवमी समारोह के दौरान 'तेज म्यूजिक' को लेकर दो समूहों के बीच झड़प हुई। एक समूह के छात्रों ने आरोप लगाया कि परिसर में बिना अनुमति के तेज म्यूजिक बजाने पर आपत्ति जताने पर सुरक्षाकर्मियों ने उनकी पिटाई की। इसके बाद छात्र कुलपति आवास का घेराव करने पहुंचे। उन्होंने दावा किया कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने धार्मिक कार्यक्रम के लिए कोई अनुमति नहीं दी थी, फिर भी परिसर में म्यूजिक सिस्टम बजाया गया। बीबीएयू के अधिकारियों ने कहा कि डीजे को लेकर दो समूहों के बीच झगड़ा हुआ था। हालांकि, उन्होंने इस बात से इनकार किया कि सुरक्षा गार्डों ने छात्रों की पिटाई की।

## यूपी में शादी से पहले दूल्हा, दो अन्य लोग झुलसे

**बिजनौर (आरएनएस)।** बिजनौर के रेहर क्षेत्र के माधोवाला गांव में लोगों के आवास पर हाईटेंशन बिजली लाइन गिर गई। जिस कारण आग लगने से हडक़ंप मच गया। आग की चपेट में आने से दूल्हा और दो अन्य लोग झुलस गए। घटना बुधवार रात की है। मोनू सिंह (24), मनोज कुमार (27) और उनकी पत्नी यशोदा देवी (25) उसकी शादी की तैयारियों में जुटी थीं, तभी यह घटना घटी थी। हाईटेंशन लाइन गिरने के बाद तीन रसोई गैस सिलेंडर भी फट गए, जिससे आग फैल गई। दमकल की गाडिय़ां और पुलिस मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। रेहर के एसएचओ धीरज सोलंकी ने बताया कि घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टरों ने उनकी हालत स्थिर बताई। बाद में विवाह समारोह आयोजित किया गया।

## ईडी का बड़ा एक्शन, जमीन और मनरेगा घोटाले के आरोपियों की करोड़ों की संपत्ति अटैच

**रांची (आरएनएस)।** ईडी ने रांची के जमीन घोटाले के आरोपियों के ठिकानों से 1.25 करोड़ रुपए नकद जब्त किए हैं। इसके अलावा आरोपियों के बैंक खातों में जमा 3.56 करोड़ की रकम को फ्रीज करा दिया गया है। यह जानकारी एजेंसी की ओर से आधिकारिक तौर पर दी गई है। ईडी ने झामुमो नेता अंतु तिर्की, जमीन कारोबारी प्रियरंजन सहाय, इरशाद अख्तर, बिपिन सिंह के ठिकानों पर मंगलवार को छापेमारी की थी। इसके बाद इन चारों को गिरफ्तार कर लिया गया था। एजेंसी ने झारखंड के मनरेगा घोटाले में भी दो आरोपियों शशि प्रकाश और जय किशोर चौधरी की 22.47 लाख रुपए की कीमत वाली चार अचल संपत्तियों को प्रोविजनल तौर पर अटैच किया है। बताया गया है कि इस घोटाले में अब तक 106.86 करोड़ की संपत्ति अटैच की गई है।

## बालाजी की न्यायिक हिरासत 22 अप्रैल तक बढ़ी

**चेन्नई (आरएनएस)।** तमिलनाडु में चेन्नई के प्रधान सत्र न्यायालय ने द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री वी सेंथिल बालाजी की न्यायिक हिरासत 22 अप्रैल तक बढ़ा दी है। बालाजी को पुझल सेंट्रल जेल से वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधान सत्र न्यायाधीश एस.अल्ली के समक्ष पेश किया गया। उनकी न्यायिक हिरासत को बढ़ाते हुए, न्यायाधीश ने पूर्व मंत्री की उस अर्जी को स्वीकार कर लिया, जिसमें उन्होंने इस मामले से खुद को मुक्त करने की याचिका पर दोबारा जिरह शुरू करने की गुहार लगाई है। इस मामले में उनकी ओर से दलील देने की अवधि 22 मार्च को समाप्त हो गई थी। सेंथिलबालाजी को प्रवर्तन निदेशालय ने गत वर्ष जून में हवाला कारोबार के मामले में गिरफ्तार किया था। उन्होंने ने निचली अदालत, मद्रास उच्च न्यायालय के समक्ष जमानत याचिका दायर की थी, जिसे खारिज कर दिया गया है। उन्होंने चिकित्सा आधार पर जमानत की मांग करते हुए शीर्ष अदालत का रुख भी किया, लेकिन उन्हें निचली अदालत से राहत लेने का निर्देश देते हुए अपनी याचिका वापस लेने के लिए कहा गया था।

## लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए गजट अधिसूचना जारी, 25 अप्रैल तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे उम्मीदवार

**नई दिल्ली | आरएनएस**

लोकसभा चुनाव 2024 के चौथे चरण के लिए गजट अधिसूचना जारी कर दी गई है। चुनाव आयोग ने गुरुवार को यह अधिसूचना जारी की। आयोग के मुताबिक, लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 10 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की 96 संसदीय सीटों पर चुनाव होंगे। इस चरण की सभी 96 सीटों पर 13 मई को मतदान होगा। अधिसूचना होने के बाद अब 25 अप्रैल तक उम्मीदवार अपना नामांकन दाखिल कर सकेंगे।

चुनाव आयोग के मुताबिक, उम्मीदवारों द्वारा दाखिल किए गए नामांकन पत्रों की जांच 26 अप्रैल को होगी। इसके साथ ही यदि कोई उम्मीदवार चाहे तो वह 29 अप्रैल तक अपना नामांकन वापस ले सकता है। नामांकन वापस लेने के लिए 29 अप्रैल आखिरी तारीख होगी। चौथे चरण में जिन राज्यों में चुनाव होना है उनमें आंध्र प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और जम्मू-कश्मीर शामिल है।




लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होने जा रहा है। पहले चरण के मतदान में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश की 102 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। इन सभी 102 सीटों पर चुनाव प्रचार बुधवार शाम समाप्त हो गया। आखिरी व सातवां चरण 1 जून को संपन्न होगा। इसके बाद 4 जून को वोटों की गिनती की जाएगी।

## 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची जारी: अजय बंगा, सत्या नडेला, आलिया भट्ट, साक्षी मलिक को मिली जगह

**मुंबई | आरएनएस**

बॉलीवुड स्टार आलिया भट्ट, विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा, माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला, पहलवान साक्षी मलिक और भारतीय मूल के ब्रिटिश अभिनेता देव पटेल ने 2024 के लिए टाइम पत्रिका की '100 सबसे प्रभावशाली लोगों' की सूची में जगह बनाई है।

सूची में शामिल एक अन्य प्रमुख भारतीय नाम पहलवान साक्षी मलिक का है, जो भारत की एकमात्र महिला ओलंपिक पदक विजेता हैं, जिन्होंने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह द्वारा महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीडऩ के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन का नेतृत्व किया था। साक्षी ने एक्स पर लिखा, 2024 का टाइम100 सूची में शामिल होने पर गर्व है। आलिया के पहले हॉलीवुड प्रोजेक्ट स्ट्रीमिंग फिल्म 'हार्ट ऑफ स्टोन' के निर्देशक टॉम हार्पर ने अभिनेत्री की प्रशंसा करते हुए उन्हें वास्तव में अंतर्राष्ट्रीय स्टार कहा।



उन्होंने लिखा, अपनी प्रसिद्धि के बावजूद, आलिया सेट पर अत्यधिक विनम्र और मजाकिया हैं। उनके काम करने के तरीके में एक आकर्षण है : केंद्रित, आइडिया स्वीकार करने और रचनात्मक जोखिम लेने को तैयार। फिल्म में मेरे पसंदीदा क्षणों में से एक तब आया जब एक टेक के अंत में इंप्रोवाइजेशन किया गया। उसने भावनात्मक सूत्र को पकड़ा और उसके साथ हो लीं।

आलिया का सुपरपावर प्रामाणिकता और संवेदनशीलता को फिल्म-स्टार चुंबकत्व के साथ मिलाने की उनकी क्षमता है। एक अभिनेत्री के रूप में, वह चमकदार हैं, और एक व्यक्ति के रूप में, वह जमीनी आश्वासन और रचनात्मकता लाती हैं जो वास्तव में एक अंतर्राष्ट्रीय स्टार बनाती है। आलिया टाइम मैगजीन की सूची में शामिल होने वाली एकमात्र बॉलीवुड अभिनेत्री हैं।

सूची में शामिल भारत से जुड़े अन्य नामों में खगोलशास्त्री प्रियंवदा नटराजन, अमेरिकी ऊर्जा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी जिगर शाह और शेफ और अधिकार कार्यकर्ता अस्मा खान शामिल हैं। इसमें गायक-गीतकार दुआ लीपा, ऑस्कर पुरस्कार विजेता अमेरिकी अभिनेत्री डा'वाइन जॉय रैंडोल्फ और ऑस्कर नामांकित अभिनेता जेफरी राइट और कोलमैन डोमिंगो भी शामिल हैं। सूची में फिल्मी हस्तियां ताराजी पी हेंसन, इलियट पेज, माइकल जे. फॉक्स, सोफिया कोपोला और हयाओ मियाज़ाकी भी शामिल हैं।

## डिवाइडर से टकराई तेज रफ्तार कार, दो मासूमों सहित चार लोगों की मौत

**एटा | आरएनएस**

उत्तर प्रदेश के एटा जिले के थाना पिलुआ क्षेत्र के अंतर्गत गुरुवार सुबह 5:30 बजे कार डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में चार लोगों की मृत्यु हो गई जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। हादसे में एक युवक की भी मृत्यु हुई है, जिसकी शनिवार को शादी होनी थी। दुर्घटना में पांच लोग घायल हुए हैं, सभी को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। सभी मृतक और घायल मैनपुरी जिले के रहने वाले हैं।

सुबह के समय दिल्ली से कार आ रही थी जो सुन्ना नहर पुल के पास अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में गुलशन निवासी ब्यौती कला थाना एलाऊ जनपद मैनपुरी तथा गांव साथनी दलीलपुर जनपद मैनपुरी के रहने वाले कुलदीप व एक वर्ष की नित्या और पांच वर्षीय आराध्या की मौके पर ही मृत्यु हो गई।

दुर्घटना में कुलदीप के भाई रवि और उनके पुत्र आदित्य व परिवार के ही रंजना और सत्येंद्र तथा शहजादपुर थाना ओंछा जनपद मैनपुरी निवासी विष्णु घायल हुए हैं। सभी को मेडिकल कॉलेज लाया गया। जहां से दो को आगरा रेफर कर दिया गया है।



बताया गया है कि कुलदीप की शादी शनिवार को होने वाली थी उनकी बरात जानी थी। शादी वाले घर में कोहराम मचा है। रवि और कुलदीप सगे भाई हैं। नित्या और आराध्या रवि की बेटी हैं। सभी लोग दिल्ली से आ रहे थे। खरीदारी भी करके लाए थे। सूचना मिलते ही मैनपुरी से कई लोग मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। घटना का कारण माना जा रहा है कि चालक को झपकी आ गई थी।

## वडोदरा-अहमदाबाद एक्सप्रेस-वे पर दर्दनाक हादसा: ओवरलोड कार और ट्रक के बीच भीषण टक्कर, 10 लोगों की मौत

**अहमदाबाद (आरएनएस)।** बुधवार को वडोदरा-अहमदाबाद एक्सप्रेस-वे पर एक ओवरलोडेड निजी वाहन के ट्रक से टकरा जाने से 10 लोगों की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक,



एक तेज रफ्तार इनोवा कार, जिसका इस्तेमाल एक्सप्रेसवे पर यात्रियों को ले जाने के लिए शटल वाहन के रूप में किया जाता था, ट्रक से टकरा गई। आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। गुजरात प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शक्तिसिंह गोहिल ने कहा, यह दुर्घटना गुजरात में सडक़ सुरक्षा पर सवाल उठाती है। नियमों के बावजूद, निजी वाहन अपनी क्षमता से कहीं अधिक यात्रियों को ले जा रहे हैं। सरकार को परिवहन कानूनों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करना चाहिए।

### कोर्ट में ईडी का दावा

## केजरीवाल जमानत के लिए जेल में जानबूझकर खा रहे आम और मिठाइयां

**नई दिल्ली | आरएनएस**

दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आम) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले केस में तिहाड़ जेल में बंद हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने घंटों की पूछताछ के बाद 21 मार्च को उन्हें शराब घोटाले में गिरफ्तार कर लिया था। इसी बीच दिल्ली की एक अदालत में गुरुवार को सीएम केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान ईडी ने केजरीवाल को लेकर बड़ा दावा किया है। ईडी का आरोप है कि सीएम केजरीवाल बेल लेने के लिए जानबूझकर जेल में मीठा खा रहे हैं। जबकि, उन्हें टाइप-2 डायबिटीज है। फिर भी वह जेल में आलू-पूड़ी, आम और मिठाइयां खा रहे हैं। ईडी ने कोर्ट के सामने कहा कि केजरीवाल, शुगर लेवल बढ़ा हुआ है, इसका हवाला देकर जमानत के लिए आधार बनाना चाहते हैं। कोर्ट ने तिहाड़ जेल से अरविंद केजरीवाल के डाइट चार्ट को लेकर रिपोर्ट भी मांगी है।

बता दें कि दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने बीते दिनों कोर्ट में एक याचिका दाखिल की थी, जिसमें उन्होंने कोर्ट से गुहार लगाते हुए कहा था कि वह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हेल्थ की चेकअप के लिए अपने डॉक्टर से संपर्क में रहना चाहते हैं।

## गाजा में इजरायली हवाई हमले में 13 फिलिस्तीनी मारे गए

**गाजा**

उत्तरी गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों की एक सभा को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हवाई हमले में कम से कम 13 फिलिस्तीनी मारे गए। स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों और चिकित्सा सूत्रों ने यह जानकारी दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि गाजा शहर के शेख राडवान में इंटरनेट का उपयोग करने की कोशिश कर रहे फिलिस्तीनियों की एक सभा पर एक ड्रोन के जरिए हमला किया गया। चिकित्सा सूत्रों ने बताया कि कम से कम 13 फिलिस्तीनियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, और कई अन्य घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



उधर, इजरायली मीडिया ने बताया कि हवाई हमले में हमास पोलित ब्यूरो नेता इस्माइल हनिएह का भतीजा भी मारा गया। इस बीच, फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि इजरायली सेना ने मध्य गाजा पट्टी में नुसीरात शरणार्थी शिविर में एक आवासीय चौराहे को ध्वस्त कर दिया, जो लगभग एक सप्ताह से सैन्य अभियान का स्थल रहा है। सूत्रों ने कहा कि इजरायली सेना ने हवाई और गोला बारी तेज कर दिए हैं।उल्लेखनीय है कि11 अप्रैल को, इजरायली सेना ने हमास के खिलाफ छह महीने से अधिक समय से चल रहे युद्ध के एक हिस्से के रूप में मध्य गाजा पट्टी में एक आश्चर्यजनक सैन्य अभियान शुरू करने की घोषणा की थी।

## कनाडा के इतिहास में सोने की सबसे बड़ी चोरी में पुलिस को सफलता, पंजाबी युवक समेत छह आरोपी गिरफ्तार

**ब्रैंपटन**

एयर कनाडा के कार्गो सुविधा केंद्र से पिछले वर्ष हुई सोने और विदेशी मुद्रा (दोनों 1.6 करोड़ डालर) की चोरी के मामले में कनाडा और अमेरिका की पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है और तीन अन्य की तलाश जारी है। गिरफ्तार लोगों में से एक को अमेरिका के पेंसिलवेनिया में पकड़ा गया है, वह अमेरिकी पुलिस की हिरासत में है। कनाडा में गिरफ्तार पांच लोगों को फिलहाल जमानत पर छोड़ दिया गया है। इसे कनाडा के इतिहास में सोने की सबसे बड़ी चोरी करार दिया गया था।

कनाडा पुलिस के आरोपितों में एयर कनाडा का एक कर्मचारी शामिल है जिसने कार्गो को चुराने के लिए जाली एयरवे बिल बनाया था। साथ ही एयर कनाडा का एक पूर्व मैनेजर भी शामिल है। इस मैनेजर ने चोरी के बाद पुलिस को कार्गो फेसिलिटी का मुआयना करवाया था। यह कार्गो अप्रैल, 2023 में ज्यरिख से टोरोंटो पहुंचा था। इस कार्गो में 419 किलोग्राम वजन की 6,600 सोने की छड़ें शामिल थीं। आरोपितों पर पुलिस ने 19 से ज्यादा आरोप लगाए हैं। उनके पास से एक किलोग्राम सोना और 34 हजार कनाडाई डालर बरामद हुए।

पुलिस का कहना है कि चोरी हुए सोने को पिघलाकर कुछ और तैयार कर लिया गया होगा, लिहाजा उसको ट्रैक करना मुश्किल हो गया है। अमेरिका में गिरफ्तार आरोपित से पुलिस ने 65 हथियार बरामद किए हैं और आरोप लगाया है कि इन्हें चोरी की रकम से खरीदा गया था।

कनाडा पुलिस के अधिकारी माइक मैविटी ने बताया कि ब्रैंपटन निवासी एयर कनाडा के कर्मचारी 54 वर्षीय परमपाल सिद्धू, टोरोंटो निवासी ज्वैलरी स्टोर के मालिक 37 वर्षीय अली राजा, ओकविले निवासी 40 वर्षीय अमित जलोटा, जार्जटाउन निवासी 43 वर्षीय अमद चौधरी और ब्रैंपटन निवासी 35 वर्षीय प्रसाद परमलिंगम गिरफ्तार लोगों में शामिल हैं। जबकि फेसिलिटी से सोने का कार्गो उठाने वाला ट्रक ड्राइवर ब्रैंपटन निवासी 25 वर्षीय डुरांटे किंग-मैकलीन वर्तमान में हथियार रखने और तस्करी के आरोप में अमेरिकी पुलिस की हिरासत में है।

कनाडा पुलिस अभी ब्रैंपटन निवासी व एयर कनाडा के पूर्व मैनेजर 31 वर्षीय सिमरन प्रीत पनेसर, ब्रैंपटन निवासी 36 वर्षीय अर्चित ग्रोवर और मिसिसागा निवासी 42 वर्षीय अर्सलान चौधरी की तलाश कर रही है।